# नगर निगम ने महिलाओं का सम्मान किया

रतलाम, संवाददाता द्वारा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रतलाम नगर निगम द्वारा भी एक कार्यक्रम आयोजित किया जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का स मान किया गया। स्थानीय गुलाब चक्कर पर आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा अपने उद्बोधन में रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन पर लाने के लिए सभी नागरिकों से पुरजोर आग्रह किया गया। श्री झारिया ने शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला बाल विकास सुश्री अंकिता पंड्या, निगम की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती दिव्या पाटीदार, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्री सुभाष कुमावत, मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, निगम के उपायुक्त श्री विकास सोलंकी तथा निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा अन्य महिलाओं को स मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सुश्री एहतेशाम अंसारी द्वारा किया गया।



सेतु संकल्प 9/3/22

**धोखाधड़ी** • कथित एनजीओ संचालक ने दिया था पांच प्रतिशत कमीशन का लालच

# राशन का सस्ता सामान बेचने की दुकान खुलवाकर 8 लोगों से 80 लाख रु. हड़पे

## धोखे के शिकार लोगों में एक पूर्व पार्षद और दूसरा पूर्व पार्षद का बेटा भी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

भारत जनकल्याण योजना नाम से एनजीओ चलाने वाले मंदसौर के आरोपी ने राशन का सस्ता सामान बेचने और पांच प्रतिशत कमीशन का झांसा देकर शहर में दुकानें खुलवाईं और दुकान संचालकों से 80 लाख रुपए की धोखाधड़ी कर ली। आरोपियों ने 15 लाख रुपए रजिस्ट्रेशन और अन्य खर्च के तथा 65 लाख रुपए सामान के लिए एडवांस लिए थे। पिछले साल फरवरी में दुकानें खुलीं और मार्च से सामान मिलना बंद हो गया। धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों में पूर्व पार्षद रेखा जौहरी का बेटा और पूर्व पार्षद सुदीप पटेल सहित 8 लोग शामिल हैं।

दुकानदारों ने एनजीओ के इंदौर ऑफिस में संपर्क किया तो अप्रैल में एक बार माल आया। आधा सामान खराब था तो ट्रक वापस करवा दिया। रुपए वापस मांगे तो आरोपियों ने टालमटोल की और जून-2021 से गायब हो गए।

पुलिस के अनुसार, दुकान संचालक सनी पिता मदनलाल वारसे निवासी गांधीनगर, राजेश पिता मोहनलाल सोलंकी निवासी कर्मचारी कॉलोनी (कालिका माता), सुदीप पिता मनोहरलाल पटेल निवासी पटेल कॉलोनी, तरुण पिता गोविंद अग्रवाल निवासी दीनदयाल नगर, मोहसिन पिता असलम निवासी आसाराम बापू नगर, सद्दाम पिता सलीम खान निवासी ऑफीसर्स कॉलोनी, विशाल पिता रवि जौहरी निवासी स्टेशन रोड, राजेश पिता भागीरथ राठौड़ निवासी बांगरोद ने 8 दिसंबर 2021 को शिकायत की थी। जांच के बाद आरोपी ईश्वरसिंह आंजना निवासी माल्याहेड़ा (मंदसौर), अशोकसिंह मेवाड़ा और अंकित मेवाड़ा दोनों निवासी कलेरामा (आष्टा, सीहोर) तथा रतलाम वकील कॉलोनी में रहने वाले ऋषि धाकड़ निवासी धारसीखेड़ा (धार) के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, वकील कॉलोनी में रहने वाले ऋषि धाकड़ ने टीआईटी रोड पर नवंबर 2020 में राशन के सामान की दुकान खोली थी। सामान सस्ता था इसलिए दुकान में भीड़ लगी रहती थी। ऋषि ने भारत जनकल्याण योजना में सस्ता सामान मिलने और दुकान खोलने पर 5 प्रतिशत कमीशन की जानकारी दी। ऋषि ने बताया कि योजना के अनुसार पांच वार्ड पर एक दुकान खोलना है। इसके लिए 1.35 लाख रुपए देकर भारत जनकल्याण योजना में रजिस्ट्रेशन करवाना होगा। रजिस्ट्रेशन के बाद दुकान अलाट होगी। रतलाम में दुकानों के सामान के लिए डीलरशिप भी देना है। दुकान खोलने के लिए 8 लोग तैयार हो गए। ऋषि ने एनजीओ संचालक मंदसौर निवासी ईश्वरसिंह आंजना से मिलवाया। उसने साथी सीहोर निवासी अशोकसिंह मेवाड़ा और अंकित मेवाड़ा के साथ मिलकर पूरी योजना बताई। योजना अच्छी थी, दिसंबर 2020 में रजिस्ट्रेशन और अन्य खर्च के लिए 15 लाख रुपए तथा सामान मंगवाने के लिए 65 लाख रुपए एडवांस ईश्वरसिंह आंजना को चेक देकर जमा करवा दिए। ऋषि ने व्यक्तिगत कारण बताते हुए इंदौर शिफ्ट होने का कहकर गांधी नगर निवासी सनी वारसे को अपनी दुकान बेच दी तथा 3 लाख रुपए जमा करवाने पर स्टाकिस्ट डीलरशिप दिलाने की बात कही। सनी ने इंदौर राजेंद्र नगर स्थित एनजीओ के ऑफिस में 3 लाख रुपए जमा करवा दिए। पिछले साल फरवरी-2021 में बसंत पंचमी के दिन शहर में 8 दुकानें खुल तो गईं परंतु सामान नहीं आया। सामान मिलने पर मार्च में दुकानें शुरू हुईं परंतु अप्रैल में फिर देरी हो गई। सामान आया इसके बाद लॉक डाउन लग गया। जून में लॉक डाउन खुलने पर सामान नहीं मिला तो स्टाकिस्ट सनी वारसे ने इंदौर जाकर पता लगाया। राजेंद्र नगर से ऑफिस विजय नगर शिफ्ट हो गया था। वे विजय नगर पहुंचे तो ईश्वरसिंह नहीं मिला। रुपयों के लिए तब से वह टाल-मटोल कर रहा है। अप्रैल-2021 से सभी दुकानें बंद हैं। भास्कर

### अन्य जिलों के दुकानदारों से भी हुई है धोखाधड़ी

सनी वारसे ने बताया नीमच, मंदसौर, उज्जैन, खरगोन, खंडवा, सेंधवा, आगर मालवा में भी इस तरह दुकानें खुली थीं। रतलाम में धोखाधड़ी स्पष्ट हुई तो व्यापारियों ने अन्य जिलों के व्यापारियों से संपर्क किया। उनके साथ भी इसी तरह धोखाधड़ी होने की जानकारी मिली है।

दै. भास्कर 10/3/22

# गुलाब चक्कर पर कार्यक्रम आयोजित कर निगम ने किया महिलाओं का सम्मान



● रतलाम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रतलाम नगर निगम द्वारा भी एक कार्यक्रम आयोजित किया जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।

स्थानीय गुलाब चक्कर पर आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा अपने उद्बोधन में रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन पर लाने के लिए सभी नागरिकों से पुरजोर आग्रह किया गया। श्री झारिया ने शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला बाल विकास सुश्री अंकिता पंड्या, निगम की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती दिव्या पाटीदार, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्री सुभाष कुमावत, मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, निगम के उपायुक्त श्री विकास सोलंकी तथा निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सुश्री एहतेशाम अंसारी द्वारा किया गया।

अग्निबाण 9/3/22

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम ने कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं का सम्मान किया

रतलाम । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रतलाम नगर निगम द्वारा भी एक कार्यक्रम आयोजित किया जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। स्थानीय गुलाब चक्कर पर आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा अपने उद्बोधन में रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन पर लाने के लिए सभी नागरिकों से पुरजोर आग्रह किया गया। श्री झारिया ने शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला बाल विकास सुश्री अंकिता पंड्या, निगम की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती दिव्या पाटीदार, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्री सुभाष कुमावत, मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, निगम के उपायुक्त श्री विकास सोलंकी तथा निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सुश्री एहतेशाम अंसारी द्वारा किया गया।

स्वतंत्र लेखनी १०/३/२२

# जिला स्तरीय जनसुनवाई में 54 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए

रतलाम (तेज एक्सप्रेस)। जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर श्री एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्री राजेश शुक्ला द्वारा 54 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में शहर सराय रतलाम निवासी शमीम बी ने आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थिया का बडौदा में उपचार चल रहा है तथा प्रार्थिया विगत 20 वर्षों से जिस मकान में रह रही है उसका पट्टा भी नहीं मिल पा रहा है। अत: पट्टा प्रदाय करने की कृपा करें। प्रकरण निराकरण हेतु संबंधित विभाग को भेजा गया है। काजी खान की मस्जिद जावरा रोड निवासी नाजमीन पति मो. अय्युब ने बताया कि प्रार्थिया की कृषि भूमि के समीप लगी भूमि के मालिक द्वारा प्रार्थिया की भूमि पर करीब तीन फीट का अतिक्रमण करते हुए दीवार बना ली गई है तथा आने-जाने वाले रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। अत: प्रार्थिया की भूमि की नपती करवाई जाकर अतिक्रमित कब्जा पुन: प्रार्थिया को दिलवाया जाए, साथ ही अतिक्रमण किए गए रास्ते को भी मुक्त करवाया जाए। प्रकरण निराकरण के लिए तहसीलदार ग्रामीण को भेजा गया है।

जनसुनवाई में ग्राम भाटीबडौदिया निवासी बाबूलाल राठौड ने बताया कि प्रार्थी विगत कई वर्षों से ग्राम भाटी बडौदिया में निवासरत है तथा गरीबी रेखा के सर्वे क्रमांक 177 में भी प्रार्थी का नाम दर्ज है। प्रार्थी जिस मकान में रहता है वह भी जर्जर अवस्था में है जिससे जनहानि होने का अंदेशा बना रहता है। अत: प्रार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाए। सीईओ जनपद पंचायत को प्रकरण निराकरण हेतु भेजा गया है।

तेज एक्सप्रेस 10/3/22

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम ने कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं का सम्मान किया



रतलाम। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रतलाम नगर निगम द्वारा भी एक कार्यक्रम आयोजित किया जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।

स्थानीय गुलाब चक्कर पर आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया द्वारा अपने उद्बोधन में रतलाम शहर को स्वच्छता रैंकिंग में नंबर वन पर लाने के लिए सभी नागरिकों से पुरजोर आग्रह किया गया। श्री झारिया ने शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला बाल विकास सुश्री अंकिता पंड्या, निगम की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती दिव्या पाटीदार, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य श्री सुभाष कुमावत, मलेरिया अधिकारी डॉ. प्रमोद प्रजापति, निगम के उपायुक्त विकास सोलंकी तथा निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महिला बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक सुश्री एहतेशाम अंसारी द्वारा किया गया।

इन्दौर

इन्दौर समाचार 10/3/22

# जनसुनवाई में आए 54 आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिए

• रतलाम

**जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को जिला कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। जनसुनवाई में कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिडे, एसडीएम राजेश शुक्ला द्वारा 54 आवेदनों पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभाग को निराकरण के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अन्य अधिकारी उपस्थित थे।**

जनसुनवाई में शहर सराय रतलाम निवासी शमीम बी ने आवेदन देते हुए बताया कि प्रार्थिया का बडौदा में उपचार चल रहा है तथा प्रार्थिया विगत 20 वर्षों से जिस मकान में रह रही है उसका पट्टा भी नहीं मिल पा रहा है। अत: पट्टा प्रदाय करने की कृपा करें। प्रकरण निराकरण हेतु संबंधित विभाग को भेजा गया है। काजी खान की मस्जिद जावरा रोड निवासी नाजमीन पति मो. अय्युब ने बताया कि प्रार्थिया की कृषि भूमि के समीप लगी भूमि के मालिक द्वारा प्रार्थिया की भूमि पर करीब तीन फीट का अतिक्रमण करते हुए दीवार बना ली गई है तथा आने-जाने वाले रास्ते पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। अत: प्रार्थिया की भूमि की नपती करवाई जाकर अतिक्रमित कब्जा पुन: प्रार्थिया को दिलवाया जाए, साथ ही अतिक्रमण किए गए रास्ते को भी मुक्त करवाया जाए। प्रकरण निराकरण के लिए तहसीलदार ग्रामीण को भेजा गया है। जनसुनवाई में ग्राम भाटीबडौदिया निवासी बाबूलाल राठौड ने बताया कि प्रार्थी विगत कई वर्षों से ग्राम भाटी बडौदिया में निवासरत है तथा गरीबी रेखा के सर्वे क्रमांक 177 में भी प्रार्थी का नाम दर्ज है। प्रार्थी जिस मकान में रहता है वह भी जर्जर अवस्था में है जिससे जनहानि होने का अंदेशा बना रहता है। अत: प्रार्थी को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान किया जाए। सीईओ जनपद पंचायत को प्रकरण निराकरण हेतु भेजा गया है। ग्राम धामनोद निवासी प्रकाश पुरी पिता जुझार पुरी ने आवेदन में बताया कि प्रार्थी ग्राम धामनोद में ट्रक लेबाय पर पंचर बनाने का व्यवसाय करना चाहता है। व्यवसाय हेतु पंचर बनाने का सामान व कम्प्रेशर भी क्रय कर लिया गया है परन्तु उक्त ट्रक लेबाय पर कुछ व्यक्तियों द्वारा धमकाते हुए कहा गया कि तू यहां व्यवसाय नहीं कर सकता। अगर तूने यहां व्यवसाय किया तो तुझे जान से मार देंगे। अगर व्यवसाय करना है तो 12 हजार रुपए सालाना किराया देना होगा। प्रार्थी गरीब व्यक्ति होकर जैसे-तैसे अपने परिवार का भरण पोषण करता है। अभिभाषा 9

## शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण तत्काल हटाए जाए

सुभाष नगर निवासी गनी शाह पिता वासीन शाह ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज निर्माण में जिन लोगों के मकान अधिग्रहण किए गए थे, उन लोगों द्वारा पुन: शासकीय भूमि पर 2 से 3 फीट का अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे आए दिन विवाद की स्थिति निर्मित हो जाती है। अत: शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटवाया जाए जिससे विवाद की स्थिति निर्मित न हो सके। प्रकरण संबंधित विभाग को निराकरण हेतु प्रेषित किया गया है। ग्राम बिबडौद निवासी श्रीमती आनन्दीबाई पति हेमराज पाटीदार ने बताया कि प्रार्थिया का एक भूखण्ड ग्राम बिबडौद में स्थित है। म.प्र. गृह निर्माण मण्डल रतलाम द्वारा ग्राम बिबडौद में रिंग रोड के समीप कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। उक्त कालोनी काटने के उद्देश्य से म.प्र. गृह निर्माण मण्डल द्वारा प्रार्थिया की भूमि पर भी प्लाट काटने का प्रयास किया जा रहा है। अत: म.प्र. गृह निर्माण मण्डल को प्रार्थिया की भूमि पर से प्लाट काटने से रोका जाए। प्रकरण निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजा गया है।

अभिभाषा 9/3/22

## विधायक काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने में जुटा नगर निगम



रतलाम। राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित तरणताल को नगर निगम जल्द ही आम लोगों के उपयोग के लिए खोल देगा। निगम के अमले ने विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने की तैयारियां शुरू कर दी है। श्री काश्यप से इस संबंध में क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने पहल करने का आग्रह किया था। श्री काश्यप ने नगर निगम को क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के आग्रह पर तत्काल तरणताल खोलने के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने इस पर तरणताल की सफाई एवं जल संग्रहण की कार्यवाही आरंभ की। तरणताल खोलने की कार्यवाही शुरू होने पर क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ ने हर्ष जताया है एवं विधायक श्री काश्यप को धन्यवाद देते हुए कहा कि तरणताल खुलने से शहर के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने से पूर्व तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा। श्री काश्यप से मिलने वाले प्रतिनिधि मण्डल में क्रीड़ा भारती सचिव एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला तैराकी संघ सचिव एवं प्रशिक्षक राजा भैया, हुसैन इंदौरी एवं रवि पंवार शामिल थे। इंदौर

इन्दौर समाचार 10/3/22

## बंद पड़े तरणताल को शीघ्र शुरू किया जाए : कटारिया

रतलाम। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कलेक्टर एवं निगमायुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि शहर का एकमात्र तरणताल जो कि नगर निगम द्वारा संचालित है। विगत काफी समय से बंद पड़ा है, गर्मियों को देखते हुए उसकी साफ सफाई कर पुन: शुरू किया जाए। श्री कटारिया ने मांग की है कि वर्तमान समय में सभी स्थितियां लगभग सामान्य हो चुकी है, ऐसी अवस्था में शहर के नागरिकों को यह सहूलियत मिलना चाहिए। निगम शीघ्र कदम उठाकर प्रारंभ करें। इन्दौर

# विधायक काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने में जुटा नगर निगम

रतलाम। राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित तरणताल को नगर निगम जल्द ही आम लोगों के उपयोग के लिए खोल देगा। निगम के अमले ने विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने की तैयारियां शुरू कर दी है। श्री काश्यप से इस संबंध में क्रीडा भारती एवं जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने पहल करने का आग्रह किया था। श्री काश्यप ने निगम को क्रीडा भारती एवं जिला तैराकी संघ के आग्रह पर तत्काल तरणताल खोलने के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने इस पर तरणताल की सफाई एवं जल संग्रहण की कार्यवाही आरंभ की। तरणताल खोलने की कार्यवाही शुरू होने पर क्रीडा भारती एवं जिला तैराकी संघ ने हर्ष जताया है एवं विधायक श्री काश्यप को धन्यवाद देते हुए कहा कि तरणताल खुलने से शहर के खिलाडियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने से पूर्व तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा। श्री काश्यप से मिलने वाले प्रतिनिधि मंडल में सचिव एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला तैराकी संघ सचिव एवं प्रशिक्षक राजा भैया, हुसैन इंदौरी व रवि पंवार शामिल थे। राप


राज एक्सप्रेस 10/3/22

# तरणताल प्रारंभ करने की तैयारी

रतलाम ● राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित तरणताल को नगर निगम जल्द ही आम लोगों के उपयोग के लिए खोल देगा। निगम के अमले ने विधायक चैतन्य काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। तरणताल खोलने की कार्रवाई शुरू होने पर क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ ने हर्ष जताया है एवं विधायक श्री काश्यप को धन्यवाद देते हुए कहा कि तरणताल खुलने से शहर के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने से पूर्व तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा। स्वदेश

स्वदेश 10/3/22

# तरणताल खोलने में जुटा नगर निगम



रतलाम। राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित तरणताल को नगर निगम जल्द ही आम लोगों के उपयोग के लिए खोल देगा। निगम के अमले ने तरणताल खोलने की तैयारियां शुरू कर दी है। श्री काश्यप से इस संबंध में क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने पहल करने का आग्रह किया था।

श्री काश्यप ने नगर निगम को क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के आग्रह पर तत्काल तरणताल खोलने के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने इस पर तरणताल की सफाई एवं जल संग्रहण की कार्यवाही आरंभ की। तरणताल खोलने की कार्यवाही शुरू होने पर क्रीडा भारती एवं जिला तैराकी संघ ने हर्ष जताया है एवं विधायक श्री काश्यप को धन्यवाद देते हुए कहा कि तरणताल खुलने से शहर के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने से पूर्व तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा। श्री काश्यप से मिलने वाले प्रतिनिधि मण्डल में क्रीड़ा भारती सचिव एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला तैराकी संघ सचिव एवं प्रशिक्षक राजा भैया, हुसैन इंदौरी एवं रवि पंवार शामिल थे।

## तरणताल को शुरू कराने कांग्रेस अध्यक्ष ने लिखा पत्र

रतलाम। शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया ने कलेक्टर एवं निगमायुक्त को पत्र लिखकर मांग की है कि शहर का एकमात्र तरणताल जो कि नगर निगम द्वारा संचालित है विगत काफी समय से बंद पड़ा है। गर्मियों को देखते हुए उसकी साफ-सफाई कर पुनः शुरू किया जाए। श्री कटारिया ने मांग की है के वर्तमान समय में सभी स्थितियां लगभग सामान्य हो चुकी है, ऐसी अवस्था में शहर के नागरिकों को यह सहूलियत मिलना चाहिए! निगम शीघ्र कदम उठाकर प्रारंभ करें।

नवभारत

नवभारत 10/3/22

## काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने में जुटा नगर निगम

रतलाम। राजीव गांधी सिविक सेन्टर स्थित तरणताल को नगर निगम जल्द ही आम लोगों के उपयोग के लिए खोल देगा। निगम के अमले ने विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर तरणताल खोलने की तैयारियां शुरू कर दी है। श्री काश्यप से इस संबंध में क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधि मण्डल ने पहल करने का आग्रह किया था। श्री काश्यप ने नगर निगम को क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के आग्रह पर तत्काल तरणताल खोलने के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने इस पर तरणताल की सफाई एवं जल संग्रहण की कार्यवाही आरंभ की। तरणताल खोलने की कार्यवाही शुरू होने पर क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ ने हर्ष जताया है एवं विधायक श्री काश्यप को धन्यवाद देते हुए कहा कि तरणताल खुलने से शहर के खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में शामिल होने से पूर्व तैयारी करने का अवसर प्राप्त होगा।

दबंग दुनिया 10/3/22

# छह साल से निकल रहे तरणताल के लिए टेंडर



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर के राजीव गांधी सिविक सेंटर में भाजपा के पितृ पुरुष कुशाभाऊ ठाकरे के नाम से बना हुआ तरणताल दो वर्ष से बंद है। पहले कांग्रेस व बाद में क्रीड़ा भारती ने इसको शुरू करने के लिए मांग की तो निगम को इसकी याद आई व यहां पर साफ - सफाई शुरू कर दी गई। इन सब के बीच पिछले छह वर्ष से जिन सुविधाओं के लिए टेंडर जारी हो रहे हैं, उनको अब तक पूरा करने में निगम सफल नहीं हो पाया है।

कुशाभाऊ ठाकरे तरणताल में सोना बाथ, स्टीम बाथ, जिम हॉल व योग केंद्र की सुविधा नहीं है। इन सुविधाओं के लिए अमानत राशि 24 लाख रुपए के साथ निविदा जारी हुई थी। तब से अब तक निविदा तो जारी होती रही, लेकिन अब तक सुविधाओं को पूरा कराने में निगम सफल नहीं हो पाया। तरणताल को वर्ष 2019 में बंद किया था।

विधायक काश्यप ने नगर निगम को क्रीड़ा भारती एवं जिला तैराकी संघ के आग्रह पर तत्काल तरणताल खोलने के निर्देश दिए थे। नगर निगम ने इस पर तरणताल की सफाई एवं जल संग्रहण की कार्यवाही शुरू की। विधायक से मिलने वालों में क्रीड़ा भारती सचिव एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला तैराकी संघ सचिव एवं प्रशिक्षक राजा भैया, हुसैन इंदौरी व रवि पंवार शामिल थे।

तरणताल को जल्दी ही शुरू करने की तैयारी की जा रही है। इसको कोरोना काल के दौरान बंद किया गया था। जो सुविधाओं की कमी है, उसको पूरा करने का प्रयास जारी है।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका

पत्रिका 10/3/22

## आम लोगों के लिए तरणताल खोलने में जुटा नगर निगम

**रतलाम।** राजीव गांधी सिविक सेंटर स्थित तरणताल को नगर निगम जल्द ही आम लोगों के लिए खोल देगा। निगम के अमले ने विधायक चेतन्य काश्यप के निर्देश पर तैयारियां शुरू कर दी है। काश्यप से क्रीड़ा भारती व जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने पहल करने का आग्रह किया था। नगर निगम ने इस पर तरणताल की सफाई व जल संग्रहण की कार्यवाही आरंभ की। प्रतिनिधि मंडल में क्रीड़ा भारती सचिव व जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अनुज शर्मा, जिला तैराकी संघ सचिव व प्रशिक्षक राजा राठौड़, हुसैन इंदौरी, रवि पंवार शामिल थे।

दैनिक भास्कर? 

नईदुनिया 10/3/22

# दो साल से बंद स्वीमिंग पूल होने लगा साफ, जल्द ही प्रैक्टिस कर सकेंगे तैराक

## 11 और 27 मार्च की प्रतियोगिता को देखते हुए विधायक चेतन्य काश्यप ने दिए हैं तरणताल को खोलने के निर्देश

भास्कर संवाददाता | रतलाम

राजीव गांधी सिविक सेंटर स्थित स्वीमिंग पूल जल्द ही चालू हो जाएगा। 11 और 27 मार्च को होने वाली प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी प्रैक्टिस नहीं कर पा रहे थे। इसका पता चलने के बाद विधायक चेतन्य काश्यप ने नगर निगम अफसरों को तुरंत तरणताल शुरू करने के निर्देश दिए थे। बुधवार से स्वीमिंग पूल की सफाई होने लगी है। जल्द ही खिलाड़ियों के साथ आम लोग भी तैराकी कर सकेंगे।



तरणताल की सफाई करते कर्मचारी।

## गत दिनों क्रीड़ा भारती और तैराकी संघ ने बताई थी तरणताल की समस्या

गत दिनों क्रीड़ा भारती और जिला तैराकी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक चेतन्य काश्यप से मिलकर खिलाड़ियों की समस्या बताकर तरणताल को शुरू करवाने का आग्रह किया था। इस पर विधायक काश्यप ने तुरंत कमिश्नर से बात कर तरणताल खोलने के निर्देश दिए थे। क्रीड़ा भारती सचिव एवं जिला तैराकी संघ अध्यक्ष अनुज शर्मा ने बताया कि 11 मार्च को ग्वालियर में पैरालिंपिक की ट्रायल है। इसमें चयनित खिलाड़ी राज्य स्तर के लिए क्वालिफाई होंगे। वहीं 27 मार्च को ओपन स्टेट तैराकी प्रतियोगिता भी है। इनके लिए खिलाड़ियों को प्रैक्टिस के लिए नीमच जाना पड़ रहा है। निगम का स्वीमिंग पूल खुलने से ज्यादा प्रैक्टिस कर पाएंगे। प्रतिनिधि मंडल में प्रशिक्षक राजा भैया, हुसैन इंदौरी, रवि पंवार शामिल थे।

भास्कर

दैनिक भास्कर 10/3/22

# पोस्टर चिपकाने वाली 9 फर्मों पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

रतलाम | बिना अनुमति के बिजली पोल, सरकारी भवन की दीवारों पर पोस्टर चिपकाने वाले 9 फर्मों को नगर निगम ने नोटिस जारी कर दिए हैं। अभी प्रत्येक फर्म पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह नहीं भरा तो संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। मंगलवार को आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मुख्य मार्गों के निरीक्षण के दौरान कार्रवाई की थी।

**14 सफाई कर्मचारी का एक दिन का वेतन काटा :** सख्त कार्रवाई के बावजूद सफाई व्यवस्था में लगे कर्मचारियों के मनमाने रवैये पर लगाम नहीं लग पा रही है। बुधवार को भी 14 कर्मचारी बिना अनुमति लिए ड्यूटी पर नहीं आए। इनमें सुबह की शिफ्ट के 7 और दोपहर की शिफ्ट के 7 कर्मचारी शामिल हैं। पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने सभी का एक दिन का वेतन काट दिया है। इसी प्रकार रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के दो सफाई कर्मचारी भी बिना बताए अनुपस्थित रहे। दोनों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश हुए हैं।

दै. भास्कर 10/3/22

**लेटलतीफी** • सुभाषनगर फ्लाईओवर निर्माण में लापरवाही, बढ़ेगी 12 कॉलोनियों के 28 हजार लोगों की परेशानी क्योंकि

# डेडलाइन गुजरी, पानी-बिजली लाइन शिफ्ट होना बाकी, मुआवजा लेकर भी लोग नहीं छोड़ रहे मकान


## रहवासियों की सुविधा के बड़े-बड़े दावों के साथ शुरू हुआ था निर्माण कार्य

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आसपास की 12 कॉलोनियों के करीब 28 हजार रहवासियों की सुविधा के बड़े-बड़े दावों के साथ बनना शुरू हुआ सुभाष नगर फ्लाईओवर मुसीबत बन गया है। 31 दिसंबर 2021 को डेडलाइन गुजर गई। दो माह ऊपर हो गए। सरकार बढ़ा हुआ पैसा नहीं दे रही, जिससे फ्लाईओवर का निर्माण लगभग ठप हो चुका है। दिखावे के लिए ठेकेदार पुल के नीचे के अंडरपास बना रहा है। वह भी पानी की लाइन शिफ्ट किए बिना।

बिजली की स्ट्रीट और हाईटेंशन लाइन भी शिफ्ट नहीं हो पाई है। वहीं प्रभावित मुआवजा लेने के बावजूद न तो मकान तोड़ रहे हैं, न छोड़ रहे हैं। मुख्य वजह बार-बार बदल रही योजना है, जिससे फ्लाईओवर की लागत 9 करोड़ रुपए बढ़कर 25 करोड़ से 34 करोड़ पहुंच गई है। नेता और अफसरों के ध्यान नहीं देने से परेशान रहवासियों का सब्र टूटता जा रहा है। यह कभी भी जन आंदोलन का रूप ले सकता है क्योंकि कॉलोनियों के अलावा 6 स्कूल व एक कॉलेज के हजारों विद्यार्थियों को अधूरे ब्रिज के कारण तीन से चार किमी का चक्कर लगाकर बाजना फोरलेन या कस्तूरबा नगर होकर आना-जाना पड़ रहा है।

**9 करोड़ रुपए में पड़ेगी देरी, 25 नहीं अब पुल बनने में खर्च होंगे 34 करोड़ रुपए**



लटकते बिजली के तार और आड़े आ रहे मकानों ने ब्रिज का काम रोक दिया है।



पानी की लाइन के मेन वॉल्व पर भी सीसी वर्क की तैयारी है।

### ऐसे चल रहा है प्रोजेक्ट

- कहां से कहां तक- सुभाष नगर रोड से कॉमर्स कॉलेज तक
- लंबाई - लगभग 744 मीटर,
- सेतु विकास निगम का हिस्सा -672 मीटर
- रेलवे फाटक के ऊपर का हिस्सा - 72 मीटर
- पिलर बन रहे- 13
- शुरुआत- जून 2020
- डेडलाइन - 18 माह यानी दिसंबर 2021 तक थी।

### पुल निर्माण की चार प्रमुख बाधाएं

- 9 करोड़ के इजाफे वाला रिवाइज एस्टीमेट अब तक सरकार ने मंजूर नहीं किया है।
- पानी की लाइन शिफ्ट नहीं हो रही क्योंकि नगर निगम को अब तक खर्च के 1.29 करोड़ रुपए नहीं मिले हैं।
- स्ट्रीट और हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने एमपीईबी को भी दो करोड़ देना है। तार लटकने से काम नहीं हो पा रहा।
- बचे हुए 12 प्रभावितों को पिछले सप्ताह मुआवजा मिल चुका। बावजूद इसके 108 प्रभावितों में से 20 से 22 कब्जा नहीं छोड़ रहे। मकान आड़े आने से ब्रिज का काम रुक गया है।

### अधूरे फ्लाईओवर से परेशानी

- अंडरपास बॉक्स निर्माण के लिए खुदाई करते समय ठेकेदार ने सुभाषनगर क्षेत्र की मैन सप्लाई पाइप लाइन ही तोड़ डाली। 5 दिनों से पूरे इलाके में पानी नहीं बंट पा रहा है। विरोध करने पर बुधवार को नगर निगम अमले ने लाइन तो जोड़ दी, लेकिन सप्लाई चालू नहीं की।
- सीमेंट कांक्रीट वर्क की जद में पानी की लाइन का मैन वॉल्व भी आ रहा है। उस पर सीसी हो गया तो वॉल्व दब जाएगा। वहीं लीकेज होने पर सुधर भी नहीं पाएगा। यही स्थित ब्रिज के नीचे से गुजर रही लाइन को लेकर भी है।
- पूरे इलाके में निर्माण सामग्री फैली है। पिलर और बॉक्स बनाने के साथ ही ठेकेदार ने आसपास दीवार बनाने में खुदाई भी कर दी है। इससे रहवासियों को घर तक आने-जाने में मुश्किल हो रही है।

*बचे हुए 12 प्रभावितों को भी मुआवजा मिल गया है, लेकिन रिवाइज एस्टीमेट अब तक मंजूर नहीं हुआ है। उसके आने पर नगर निगम और बिजली कंपनी को राशि देकर लाइन शिफ्ट करवाएंगे। अभी ठेकेदार छोटा-मोटा काम कर रहा है।*
**आरके गुप्ता,** एसडीओ सेतु विकास निगम

*ठेकेदार ने मैन पाइप लाइन तोड़ दी। कई दिनों से पूरे इलाके की सप्लाई ठप है। मैन वॉल्व चैंबर को भी सीसी वर्क से ढंकने की तैयारी है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। अब तो समय सीमा भी खत्म हो गई। निर्माण कार्य ने तेजी नहीं पकड़ी तो आंदोलन करेंगे।*
**रवि वर्मा,** प्रभावित

भास्कर

दै. भास्कर 10/3/22

# स्वच्छता अभियान को चिढ़ाती सुविधाघरों की कमी

रतलाम। नगर निगम का अमला आगामी दिनों में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण-2022 की तैयारियों में लगा है। इसके लिए रोज नए-नए जतन किए जा रहे हैं। सफाई कार्य में लगे अनुपस्थित कर्मचारियों का वेतन भी काटा जा रहा है, लेकिन कई समस्याएं ऐसी हैं, जिनका समाधान किए बिना सर्वेक्षण में सफलता मिलना मुश्किल है। संसाधनों के साथ-साथ शहर में सुविधाघरों की कमी स्वच्छता अभियान पर ग्रहण लगा रही है।

नगर निगम का पूरा ध्यान शहर को कचरा मुक्त और पानी की उपलब्धता पर है, क्योंकि पिछले साल के सर्वेक्षण में स्टार रैंकिंग के प्रमाण पत्र पर कम अंक मिलने से रतलाम की रैंक प्रभावित हुई थी। इस बार सीवरेज योजना के तहत बने प्लांट शुरू होने के बाद सीवरेज का पानी साफ कर उपयोग में लिया जाने लगा है, वहीं कचरा मुक्ति के लिए पॉलीथिन प्रतिबंध, डिस्पोजल पर रोक और कचरा संग्रहण व निष्पादन की व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है।

गौरतलब है कि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण 7500 अंक का होने वाला है, जबकि पिछले साल का सर्वेक्षण 6000 अंक का था। शासन द्वारा शहरों की सफाई के आंकलन करने के लिए कई नए मापदंड जोड़े गए हैं। इसलिए नगर निगम का अमला हर तरह की तैयारियां कर रहा है। शहर में गंदगी फैलाने वालों के लगातार चालान बनाए जा रहे हैं। पिछले एक माह में 1000 से अधिक व्यक्तियों के चालान कर जुर्माना वसूला गया है। खुले में शौच करने वालों पर भी कार्यवाही की गई है। परन्तु गलियों एवं कॉलोनियों में शहरवासियों द्वारा सड़कों पर कचरा फैंकने की आदत को रोकने की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

निगम कचरा संग्रहण पर विशेष ध्यान देने के दावे कर रहा है। इसके लिए वाहन चालकों एवं हेल्परों के अनुपस्थित रहने पर न केवल उनका वेतन काटा जा रहा है, वहीं उन्हें सेवा से बर्खास्त करने के नोटिस भी जारी किए जा रहे हैं। नगर निगम ने राजीव गांधी सिविक सेंटर में निर्माण एवं विध्वंस सामग्री केंद्र भी बनाया है। इसके माध्यम से शहर को स्वच्छ दिखाने के प्रयास किए जाएंगे।

**दो बत्ती क्षेत्र में गंदगी और बदबू का आलम**

शहर में सुविधाघरों की कमी के कारण नागरिक खुले में शौचालय जाने को मजबूर हैं। दो बत्ती चौराहा क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं है। लोकेंद्र भवन रोड पर चौराहे के समीप ही गंदगी के साथ बदबू का आलम है। इसके अलावा कई अन्य प्रमुख चौराहों पर भी ऐसी स्थितियां बनी हुई हैं, जिन पर नियंत्रण के लिए निगम का अमला इन दिनों लोगों से जुर्माना वसूल रहा है। विडंबना है कि बाजारों में व्यापारियों के साथ बडी संख्या में नागरिकों की आवाजाही होने के बाद भी सुविधाघर नहीं हैं और लोगों पर जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इससे बिना साधन और सुविधा के स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को अव्वल लाने के दावों का खोखलापन उजागर हो रहा है।

उपग्रह

उपग्रह 10/3/22

# गुलाब चक्कर पर कार्यक्रम में निगम ने किया महिलाओं का सम्मान



**रतलाम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रतलाम नगर निगम द्वारा भी एक कार्यक्रम आयोजित किया जाकर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया। स्थानीय गुलाब चक्कर पर आयोजित कार्यक्रम में निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा अपने उद्बोधन में रतलाम शहर को स्व%छता रैंकिंग में नंबर वन पर लाने के लिए सभी नागरिकों से पुरजोर आग्रह किया गया। शासन की महिला कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। कार्यक्रम में सहायक संचालक महिला बाल विकास सुश्री अंकिता पंड्या, निगम की ब्रांड एंबेसडर श्रीमती दिव्या पाटीदार, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य सुभाष कुमावत, मलेरिया अधिकारी डॉ.प्रमोद प्रजापति, निगम के उपायुक्त विकास सोलंकी तथा निगम के अन्य अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग की उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं तथा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री एहतेशाम अंसारी द्वारा किया गया। २/५

राज एक्सप्रेस 10/3/22

## रतलाम हवाई पट्टी क्षेत्रीय संबद्धता उड़ान योजना में शामिल

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने विधानसभा में विधायक चेतन्य काश्यप के सवाल के उत्तर में बताया कि रतलाम की हवाई पट्टी क्षेत्रीय संबद्धता उड़ान योजना में सम्मिलित है। प्रदेश की अन्य शासकीय हवाई पट्टियों का प्रश्न है तो उनके विकास और विस्तार की योजना प्रक्रियाधीन है।

## सेवानिवृत्ति पर दशोत्तर का सम्मान

रतलाम। नगर निगम के सिटी इंजीनियर अरविंद दशोतर को सेवानिवृत्ति पर श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज प्रबंध कारिणी व समाजजनों द्वारा समाज अध्यक्ष प्रकाश व्यास की उपस्थिति में शाल, श्रीफल, स्मृति चि- प्रदान कर सम्मानित किया गया। समाज सचिव अविनाश व्यास, मयंक दवे, पूर्व अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. राजीव दशोत्तर, धर्मेंद्र व्यास, अशोक व्यास, देवेंद्र व्यास, विजय दवे, प्रशांत व्यास, प्रदीप ओझा, वैभव व्यास, गोविंद त्रिवेदी आदि उपस्थित थे।

नईदुनिया 10/3/22

## लोक अदालत 12 को

रतलाम, नप्र। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली नालसा एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश पर आगामी 12 मार्च शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला न्यायाधीश के निर्देश पर रतलाम जिला न्यायालय के अलावा तहसील न्यायालय जावरा, सैलाना और आलोट में भी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। प्र.की.९

प्रभातकिरण 9/3/22

# विधायक और कलेक्टर के शहर भ्रमण ने निगम पर लगाए सवालिया निशान ?

रतलाम। शहर में एक बार फिर बदहाल सड़कों के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने विधायक चेतन्य काश्यप और निगम प्रशासक तथा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम पहुंचे। उन्होंने निर्माण की तैयारियों का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इससे पहले भी दोनों ने शहर भ्रमण कर निर्देश दिए थे, लेकिन निगम का रवैया इसके बाद भी नहीं सुधरा, जिससे उस पर सवालिया निशान लग रहे हैं।

शहर की जर्जर हो चुकी सड़कों के निर्माण के लिए निविदाएं जारी होने के बाद भी ठेकेदारों द्वारा लेटलतीफी हो रही है। कलेक्टर ने निगम के अधिकारियों और ठेकेदारों की बैठक बुलाकर पहले कार्य शुरू करने की हिदायत दी फिर वे विधायक श्री काश्यप के साथ निर्माण कार्य देखने निकले। उन्होंने विभिन्न स्थानों पर जाकर कार्य की प्रगति देखी। सायर चबूतरा क्षेत्र में ठेकेदार ने होली के बाद निर्माण कार्य शुरू किए जाने की बात कही, तो कलेक्टर ने उसे हिदायत दी कि यदि मजदूरों की व्यवस्था नहीं है, तो ठेका क्यों लेते हो। कलेक्टर ने निगम अधिकारियों और ठेकेदारों को सभी निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने की चेतावनी दी।

गौरतलब है कि इससे पूर्व पिछले महीने भी कलेक्टर और विधायक शहर का भ्रमण कर चुके हैं। विधायक श्री काश्यप द्वारा निगम अधिकारियों को विभिन्न इलाकों में जर्जर सड़कों के लिए प्राक्कलन बनाने के साथ जल्द निविदाएं निकालने और काम पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। सीवरेज लाइन और पाइप लाइन सहित अन्य कार्यों के दौरान सड़कों की इतनी खुदाई हुई है कि कई जगह गड्ढों में सड़क ढूंढना मुश्किल हो रहा है। सड़कों के लिए निगम की संपत्तियां बेचकर बजट की व्यवस्था की जा रही है, लेकिन निगम अमला उस कार्य को भी समय पर पूरा नहीं कर पा रहा है। इससे अधिकारियों और नेताओं सबकी छवि खराब हो रही है।

उपग्रह

उपग्रह 10/3/22